ONGC PUBLIC SCHOOL

NERAVY, KARAIKAL – 609604

CLASS : VIII (B)

Subject: II Lang Hindi **WORK SHEET-I, 2022-23**

1.पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–

एक बार रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते हुए गलती से मैंने दस के बजाय सौ रुपये का नोट दिया और मैं जल्दी– जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गया । थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ । उसने मुझे पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ मेरे हाथ में नब्बे रुपये रख दिए और बोला , ' यह बहुत गलती हो गई थी । आपने भी नहीं देखा । ' मैंने भी नहीं देखा । ' उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी । मैं चकित रह गया ।

प्रश्न:

1. लेखक का नाम लिखिए ।

   अ. **हज़ारी प्रसाद द्विवेदी** आ. **सुर्यकांत त्रिपाठी 'निराला '** इ. **कामतानाथ** ई. **रामदास मिश्र**

2. लेखक ने टिकट बाबू को कितने का नोट दिया ?

   अ. **पचास का** आ. **सौ का** इ. **पाँच** ई. **बीस का**

3. टिकट बाबू से लेखक को कितने पैसे वापस मिलते थे ?

   अ. **नब्बे रुपए** आ. **पचास रुपये** इ. **साठ रुपए** ई. **अस्सी रुपए**

4. टिकट बाबू लेखक को क्यों ढूंढ रहा था ?

   अ. **उनसे बकाया पैसे लेने के लिए** आ. **उन्हें नब्बे रुपए देने के लिए**

   इ. **माफी माँगने के लिए** ई. **उन्हें टिकट देने के लिए**

5. लेखक किस बात पर चकित था ?

   अ. **अपने पैसे वापिस मिलने पर** आ. **टिकट बाबू की बात पर**

   इ. **टिकट बाबू की ईमानदारी देखकर** ई. **इनमें से कोई नहीं**

2.पठित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक
जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा
अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया ।

प्रश्न:

1. कविता का नाम लिखिए ।
अ. **ध्वनि** आ. **यह सबसे कठिन समय नहीं** इ. **भगवान के डाकिए** ई. **दीवानों की हस्ती**

2. यात्री रेलगाडियों द्वारा कहाँ पहुँचते हैं ?
अ. **उनके घर** आ. **उनके कार्यालय** इ. **गंतव्य तक** ई. **स्टेशन पर**

3. प्रतीक्षा करने वाले की क्या चाहत होती है ?
अ. **दोपहर से पूर्व घर पर आए ।** आ. **सूरज ढलने से पूर्व सभी अपने घर आ जाए ।**
इ. **रात्रि में पूर्व सब घर आ जाए ।** ई. **सूबह होने से पूर्व सब घर आ जाए ।**

4. प्रतीक्षा का समय किस समय शुरू होता है ?
अ. **शाम होने पर** आ. **रात होने पर**
इ. **सुबह होने पर** ई. **अगला दिन होने पर**

5. इस पद्यांश में क्या संदेश दिया गया है ?
अ. **शाम ढले पर आना चाहिए ।** आ. **समयानुसार लक्ष्य की ओर बढ़ जाना चाहिए ।**
इ. **रात होने पर घर आना चाहिए ।** ई. **घर आने का समय निश्चित होना चाहिए ।**

3.उचित विकल्प छाँटकर लिखिए :–

1. उल्लू का तत्सम रूप है –
अ. **निशाचर** आ. **उल्लूक** इ. **उलूक** ई. **उलप**

2. यौगिक शब्द छाँटकर लिखिए:–
अ. **दिन** आ. **दिवस** इ. **दिन–रात** ई. **दिवा**

3. उपसर्ग , मूलशब्द और प्रत्यय :– असामाजिक
अ. **अ+सामाज+इक** आ. **आ+समाज+इक** इ. **अ+समाज+इक** ई. **आ+सामाज+इक**

4. मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग–अलग करके लिखो :–
अ. बचपन = ––––––––––– + –––––––––––

5. मूल शब्द तथा उपसर्ग अलग–अलग करके लिखो :–
अ.अभिमान = ––––––––––– + –––––––––––

6. संधि–विच्छेद कीजिए :–
अ. विद्यालय = ––––––––––– + –––––––––––

7. देवनागरी लिपि में कौन–सी भाषा नहीं लिखी जाती ?
अ. **नेपाली** आ. **मराठी** इ. **गुजराती** ई. **उर्दू**

8. संधि कीजिए :–
अ. निः+संदेह = ––––––––––––––––––––––

9. शृद्ध शब्द चुनकर लिखिए:–
अ. **दर्द** आ. **दरद** इ. **र्दद** ई. **दर्‌द**

10. सही या गलत लिखिए:–
अ. **नेता जी भाषण देते समय मौखिक भाषा का प्रयोग करते हैं ।** ––––––––